**संख्या: 1:05:138:I:CS**
**दिनांक: 12.03.2025**

| | |
|---|---|
| **National Stock Exchange of India Limited**<br>Listing Department, Exchange Plaza,<br>Bandra – Kurla Complex, Bandra (E)<br>**MUMBAI – 400 051.**<br><br>**नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड,**<br>लिस्टिंग विभाग, एक्सचेंज प्लाजा,<br>बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू), **मुंबई-400 051** | **BSE Limited,**<br>Department of Corporate Services,<br>Floor – 25, PJ Towers, Dalal Street,<br>**MUMBAI – 400 001.**<br><br>**बीएसई लिमिटेड,**<br>कॉर्पोरेट सेवाएं विभाग, मंजिल-25,<br>पी .जे .टावर्स, दलाल स्ट्रीट, **मुंबई-400 001** |

**विषय: एनईएस धाराशिव ट्रांसमिशन लिमिटेड (पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) (पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) का हस्तांतरण।**

महोदया/महोदय,

यह सूचित किया जाता है कि पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड (पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) की निम्नलिखित पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी को 12 मार्च, 2026 को सफल बोलीदाता, मोंटेकार्लो लिमिटेड को हस्तांतरित कर दिया गया है:

**एनईएस धाराशिव ट्रांसमिशन लिमिटेड** की स्थापना "धाराशिव, बीड से नवीकरणीय ऊर्जा की निकासी के लिए महाराष्ट्र में नेटवर्क विस्तार योजना" के विकास के लिए की गई है।

उक्त लेनदेन से संबंधित विवरण निम्नानुसार हैं:-

| **क्र. सं.** | **विवरण** | **ब्योरा**<br>**एनईएस धाराशिव ट्रांसमिशन लिमिटेड** |
|---|---|---|
| 1. | गत वित्तीय वर्ष के दौरान सूचीबद्ध संस्था के ऐसे प्रभाग या इकाई द्वारा योगदान किए गए टर्नओवर या राजस्व या आय और नेट वर्थ (शुद्ध मूल्य) की राशि और प्रतिशत। | नगण्य |
| 2. | बिक्री के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए जाने की तिथि। | उक्त एसपीवी की सफल बोलीदाता को बिक्री और हस्तांतरण की प्रक्रिया 12.03.2026 को पूरी हो गई है। |
| 3. | बिक्री/निपटान पूरा होने की अपेक्षित तिथि। | |
| 4. | ऐसी बिक्री/निपटान से प्राप्त प्रतिफल। | शेयर खरीद समझौते के अनुसार 3,61,11,559 रुपये (तीन करोड़ इकसठ लाख ग्यारह हजार पांच सौ उनसठ रुपये मात्र)। |
| 5. | | सफल बोलीदाता का नाम:<br>**मोंटेकार्लो लिमिटेड** |

| | | |
|---|---|---|
| | खरीदार के संक्षिप्त विवरण और क्या खरीदार प्रवर्तक/ प्रवर्तक समूह/ समूह कंपनियों से संबंधित हैं। यदि हाँ, तो उसका विवरण। | यह उल्लेख करना प्रासंगिक है कि ऊपर वर्णित सफल बोलीदाता, प्रवर्तक और प्रवर्तक समूह से संबंधित नहीं है। |
| 6. | क्या यह लेनदेन 'संबंधित पक्ष लेनदेन' के दायरे में आएगा? यदि हाँ, तो क्या यह "आर्म्स लेंथ" के आधार पर किया गया है? | यह लेनदेन 'संबंधित पक्ष लेनदेन' के दायरे में नहीं आता है। |
| 7. | क्या यह लेनदेन 'स्लंप सेल' की प्रकृति का है? | ऊपर बिंदु संख्या 5 में दिए गए विवरण के अनुसार सफल बोलीदाता को पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी की बिक्री और हस्तांतरण का प्रस्ताव, 'स्लंप सेल' की प्रकृति का नहीं है।<br><br>इसके अलावा, स्पेशल पर्पज व्हीकल्सकी बिक्री और हस्तांतरण के लिए प्रतिफल का निर्धारण भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय द्वारा समय-समय पर जारी किए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाता है। |

यह आपके सूचनार्थ एवं प्रसार हेतु प्रस्तुत है।

धन्यवाद।

**भवदीय,**
**कृते पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड**

**(मनीष कुमार अग्रवाल)**
**कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी**

**mk_agarwal@pfcindia.com**